न्यूज़ बुलेटिन :

# सन्मार्ग

कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ की प्रस्तुति

वर्ष–2 अंक–13
मासिक – जनवरी, 2024

## सत्र का उद्देश्य

- पढ़ने और सीखने की प्रवृत्ति को रूचिकर बनाना
- शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाना
- देश और मानवता के हित में अपने को योजित करना
- नैतिक और धार्मिक मूल्यों का अवगाहन

**प्रबन्धक**
इं0 वी0 के0 मिश्र
**प्राचार्य**
प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय

**सम्पादकीय**

**सम्पादक**
राजीव यादव

**उप–सम्पादक**
नितिन कुमार सिंह

**सहयोग**
पुष्पेन्द्र कुमार

# कालीचरण पी॰जी॰ कॉलेज

**हरदोई रोड, चौक, लखनऊ–226003**
**(लखनऊ विश्वविद्यालय)**

## Events at College



**स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम** : 5 जनवरी को कालीचरण महाविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में 535 पात्र अभ्यर्थियों को मोबाइल फोन वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ0 नीरज बोरा, विशिष्ट अतिथि अमित टण्डन सदस्य प्रबंध समिति, प्रबंधक वी0के0 मिश्र, प्राचार्य चन्द्र मोहन उपाध्याय, मुख्य नियंता डी0सी0डी0आर0 पाण्डेय तथा योजना के संयोजक डॉ0 मो0 तनवीर सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कार्यालय स्टॉफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ0 नीरज बोरा ने कहा कि हमारे युवाओं के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा योजना को इसीलिए शुरू किया गया कि हमारे युवा आधुनिक तकनीक का ज्ञान प्राप्त कर सके। इसी क्रम में अमित टण्डन ने सूचना प्रौद्यौगिकी के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए मोबाइल तथा लैपटॉप को सहायक एवं जरूरी शैक्षणिक सामग्री बताया।





**My Bharat द्वारा आयोजित युवाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम** : 16 जनवरी को कालीचरण महाविद्यालय, लखनऊ में सड़क सुरक्षा पर My Bharat द्वारा युवाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें नेहरू युवा केन्द्र की डी0डी0 अनुराधा NSS State प्रभारी प्रो0 मंजू सिंह, रोवर्स की प्रो0 कामिनी, प्रबंधक इं0 वी0के0 मिश्र, प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।




**राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में रूमी दरवाजा से वॉकाथन का आयोजन** : 23 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में सुबह 07:30 बजे रूमी दरवाजा से वॉकाथन का आयोजन चौक स्टेडियम तक किया गया। इस कार्यक्रम में स्वयं सेवकों के साथ–साथ NSS के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अल्का द्विवेदी, डॉ मुकेश कुमार मिश्रा, श्री राजकुमार सिंह और डॉ0 शिव कुमार मौजूद थे।



**कालीचरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस 2024** : कालीचरण महाविद्यालय में 26 जनवरी का गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक ने ध्वजा–रोहण किया और विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के समस्त नागरिकों को अपने मूल अधिकार और कर्तव्य जानना चाहिए। इसी क्रम में महाविद्यालय के कुलानुशासक डी0सी0डी0आर0 पाण्डेय ने समस्त प्राध्यापकों और विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलायी। महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने सम्बोधन में युवाओं को देश का भविष्य बताते हुए सामाजिक न्याय और देश में भाई–चारा, बंधुत्व के लिए संविधान की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर NET /JRF परीक्षा में सफल छात्रा माण्डवी शुक्ला तथा सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए छात्रा नित्या मिश्रा को सम्मानित किया गया।



**स्किल इंडिया कार्यक्रम के अन्तर्गत निशुल्क कौशल प्रशिक्षण** : 29 जनवरी को महाविद्यालय में स्किल इंडिया कार्यक्रम के अन्तर्गत निशुल्क कौशल प्रशिक्षण कोर्स कराया गया, जिसमें अधिक संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर NSS के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अल्का द्विवेदी, डॉ0 मुकेश कुमार मिश्रा, श्री राजकुमार सिंह और डॉ0 शिव कुमार उपस्थित थे।

## Kalicharan in Newspaper



अभ्यर्थी को मोबाइल फोन प्रदान करते अमित टंडन व विधायक नीरज बोरा।

### 535 अभ्यर्थियों को वितरित किए गए फोन

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत कालीचरण पीजी कालेज में शुक्रवार को 535 पात्र अभ्यर्थियों को मोबाइल फोन वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. नीरज बोरा, विशिष्ट अतिथि अमित टंडन सदस्य प्रबन्ध समिति, प्रबन्धक वीके मिश्रा, प्राचार्य प्रो. चन्द्र मोहन उपाध्याय, मुख्य नियंता डीसीडीआर पाण्डेय तथा योजना के संयोजक डॉ. मो. तनवीर सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कार्यालय स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रबंधक ने कहा कि युवाओं के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री योगी द्वारा इस योजना को इसलिए शुरू किया गया है कि हमारे युवा आधुनिक तकनीक का ज्ञान प्राप्त कर सकें। इस महाविद्यालय के संस्थापक लाल जी टण्डन द्वारा लखनऊ को आधुनिक बनाने में योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर अमित टण्डन ने सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए मोबाइल तथा लैपटॉप को सहायक एवं जरूरी शैक्षणिक सामग्री बताया।

### कालीचरण कॉलेज में 535 विद्यार्थियों को मिले स्मार्टफोन



कालीचरण कॉलेज में स्मार्टफोन के साथ विद्यार्थी। -संवाद

**लखनऊ।** कालीचरण पीजी कॉलेज में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत स्मार्टफोन बांटे गए। मुख्य अतिथि विधायक उत्तर विधानसभा डॉ. नीरज बोरा व विशिष्ट अतिथि अमित टंडन ने 535 विद्यार्थियों को फोन दिए। मुख्य अतिथि ने कहा, सरकार की इस योजना से विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में सुविधा मिलेगी। कहा, देश के युवाओं को जब तकनीक का साथ मिलेगा तो विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। अवसर पर प्रबंधक इंजीनियर वीके मिश्रा, प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय, डॉ. तनवीर, सहायक आचार्य डॉ. शिवांगी व अन्य थे। (संवाद)

### कालीचरण और डीएवी कालेज में दिए गए स्मार्टफोन



कालीचरण पीजी कालेज में लाभार्थी छात्र–छात्राओं के साथ विधायक नीरज बोरा, इंजीनियर विनोद कुमार मिश्र, प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय, अमित टंडन व अन्य ● जागरण

**जासं, लखनऊ :** कालीचरण पीजी कालेज और डीएवी पीजी कालेज में शुक्रवार को विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कालीचरण में 535 और डीएवी कालेज में 120 छात्र–छात्राओं को स्मार्टफोन दिए गए। फोन पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे।

कालीचरण कालेज में फोन वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लखनऊ उत्तर के विधायक डा. नीरज बोरा ने कहा कि युवाओं के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने स्मार्ट फोन वितरण योजना इसलिए शुरू की ताकि युवा आधुनिक तकनीक का ज्ञान प्राप्त कर सकें। विशिष्ट अतिथि अमित टंडन कालेज में बिताए दिनों को याद कर भावुक हो गए। इस अवसर पर प्रबंधक वीके मिश्र, प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

**डीएवी कालेज में 22 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित**

डीएवी कालेज में 142 विद्यार्थियों में से उपस्थित 120 को स्मार्टफोन दिया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुरेश चंद्र तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के निर्माण में स्मार्टफोन सहयोग करेगा। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद सुरेंद्र सिंह, प्राचार्य प्रो. सुधांशु सिन्हा, प्रो. संजय तिवारी, नोडल अधिकारी प्रो. राजेंद्र प्रसाद चतुर्वेदी व अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।